आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12 सितम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचन्द्र रामगुलाम ने वाराणसी में की द्विपक्षीय बातचीत। भारत ने मॉरीशस के लिए विशेष आर्थिक पैकेज देने का लिया फैसला।
2. मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने विशेष आर्थिक पैकेज के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति जताया आभार। कहा– बीते कुछ वर्षों में और भी मजबूत हुए भारत और मॉरीशस के संबंध।
3. अब और सुगम हो सकेगा अन्तर्राष्ट्रीय आवागमन। लखनऊ सहित देश के पांच हवाई अड्डों पर फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन–ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम का गृह मंत्री अमित शाह ने किया उद्‌घाटन।
4. नेपाल में फिर से खोल दिया गया त्रिभुवन अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा। प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में हाई अलर्ट जारी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचन्द्र रामगुलाम ने कल वाराणसी में द्विपक्षीय बातचीत की। दोनों देशों के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ संबंधों की पुष्टि करते हुए कहा कि भारत और मॉरीशस दो राष्ट्र हैं, लेकिन हमारे सपने एक हैं।

**इंडिया और मॉरीशस आर टू नेशंस बट आवर ड्रीम्स एंड डेस्टिनी आर वन इस वर्ष सोम सर शिरसागर रामगुलाम जी की 125 की जयंती मना रहे हैं। केवल मॉरीशस के राष्ट्रपिता ही नहीं बल्कि भारत और मॉरीशस के बीच अटूट सेतु के संस्थापक भी थे। उनकी एजेंसी हमें मिलकर अपने संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने की प्रेरणा देती रहेगी।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बताया कि भारत ने मॉरीशस की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष आर्थिक पैकेज देने का निर्णय लिया है।

**हमने मॉरीशस की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक स्पेशल इकॉनॉमिक पैकेज पर निर्णय लिया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा।**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और मॉरीशस साझेदार ही नहीं एक परिवार भी है। भारत ने हमेशा से मॉरीशस में उपनिवेशवाद के उन्मूलन और उसकी सम्प्रभुता को पूर्ण मान्यता देने का समर्थन किया है।

भारत के बाहर पहला जन औषधि केन्द्र मॉरीशस में स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि द्विपक्षीय वार्ता में मॉरीशस में आयुष सेंटर ऑफ एक्सिलेंस सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देने और उर्जा सुरक्षा में भागीदारी पर भी सहमति बनी है।

**ऊर्जा सुरक्षा हमारी भागीदारी का एक अहम स्तंभ है। भारत मॉरीशस के एनर्जी ट्रांजिशन में सहयोग दे रहा है। मॉरीशस को हंड्रेड इलेक्ट्रिक बसें दी जा रही हैं जिसमें से दस पहुंच चुकी है। ऊर्जा के क्षेत्र में संपन्न हुए कॉम्प्रिहेंसिव। पार्टनरशिप समझौते से इसे और बल मिलेगा। हमने तमारिन फॉल्स में सत्रह पॉइंट पाँच मेगावाट का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट के निर्माण में सहयोग देने का निर्णय लिया है। ह्यूमन रिसर्च डेवलपमेंट में हम लंबे समय से सहयोग करते आए हैं।**

इस अवसर पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने कहा कि भारत और मॉरीशस के बीच संबंध बीते कुछ वर्षों में और मजबूत हुए हैं। उन्होंने भारत की ओर से मिलने वाले विशेष आर्थिक पैकेज के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि द्विपक्षीय समझौते मॉरीशस में स्वास्थ्य, ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर और विज्ञान आदि को मजबूत बनाएंगे।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि भारत और मॉरीशस एक अत्यंत महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी देशों के रूप में समुद्री सुरक्षा, समुद्री डकैती और मादक पदार्थों की तस्करी की चुनौतियों का समाधान करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। मॉरीशस भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और महासागर विजन का एक अभिन्न अंग है।

हमारे संवाददाता ने कल भारत और मॉरीशस के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता के बारे में जानकारी दी। एक रिपोर्ट–

**दोनों नेताओं के बीच बातचीत में सहयोग के सभी क्षेत्र शामिल रहे। विज्ञान और तकनीक, ओशनोग्राफी, प्रशासनिक प्रशिक्षण और टेलीमेट्री में चार एमओयूस देशों के बीच आदान–प्रदान किए गए। शक्ति क्षेत्र, भारतीय अनुदान सहायता से छोटे विकास परियोजनाएं और हाइड्रो ग्राफी से जुड़ी तीन अन्य दस्तावेज भी दोनों देशों ने साझा किए। बातचीत में सिविलाइजेशंस टाइस, आध्यात्मिक संबंध और पीपुल टू पीपुल टाइस को फिर से प्रगाढ किया गया। आलोक राय, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।**

तीन दिवसीय काशी यात्रा पर आए मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने कल वाराणसी की गंगा आरती में हिस्सा लिया। वह आज श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद अयोध्या के लिए रवाना होंगे। अयोध्या के जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि अयोध्या में मॉरीशस के प्रधानमंत्री श्री रामलला मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे।

**********

गृह मंत्री अमित शाह ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लखनऊ सहित तिरुवनंतपुरम, त्रिची, कालीकट और अमृतसर हवाई अड्डों पर फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन–ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तेज, सुगम और सुरक्षित इमिग्रेशन क्लियरेंस के साथ अंतर्राष्ट्रीय आवागमन को सुगम बनाना है। इस अवसर पर गृह मंत्री ने कहा कि फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन प्रोग्राम एक विश्वसनीय यात्री कार्यक्रम है, जो इमिग्रेशन को सरल, तेज और बाधा रहित बनाता है।

**********

नेपाल में जारी संकट के मद्देनजर सीमा से लगे प्रदेश के सभी जिलों में हाई अलर्ट जारी है। एसएसबी, पीएसी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें पेट्रोलिंग कर सीमाओं की निगरानी कर रही हैं। प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में बॉर्डर पर आवाजाही रोक दी गई है। वहीं सशस्त्र सीमा बल ने नेपाल की जेल से भागे लगभग 60 कैदियों को पकड़ लिया । इनमें से 22 कैदी उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में पकड़े गए हैं। सरकार ने भारतीय नागरिकों को स्थिति सामान्य होने तक नेपाल की यात्रा न करने की सलाह दी है। इस बीच, वहां त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को फिर से खोल दिया गया है। सुरक्षाकर्मी पर्यटकों को हवाई अड्डे तक पहुंचने में मदद कर रहे है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। तीन सितंबर को जीएसटी परिषद में आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए दरों को युक्तिसंगत बनाने को स्वीकृति दे दी गई। ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए किए गए जीएसटी सुधारों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**नए कर ढांचे के अंतर्गत, अब कार, बाइक या ट्रैक्टर खरीदना आसान होगा। 350 सीसी से कम इंजन वाले दोपहिया वाहनों पर अब 28 प्रतिशत लगने वाला जीएसटी को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, 1800 सीसी से कम क्षमता वाले ट्रैक्टरों पर भी कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। बसों, ट्रकों, तिपहिया वाहनों और ऑटो पार्ट्स पर जीएसटी घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों पर 5 प्रतिशत की सबसे कम कर दर लागू होगी। नीतिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

घरेलू इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में भी व्यापक जीएसटी सुधार हुए हैं। एक रिपोर्ट–

**अब घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे एयर कंडीशनर, डिशवॉशर और एलसीडी, एलईडी टीवी पर जीएसटी दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। टैक्स में इस कटौती से ये सामान सस्ते हो जाएंगे जिससे उनकी मांग बढ़ेगी और घरेलू उत्पादकों को अपना व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस बीच मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की निदेशक देशराज भड़ाना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि ये जीएसटी सुधार घरेलू मांग को बढ़ाएंगे और आम लोगों की खपत में इजाफा करेंगे। अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में बीती रात कैसरबाग डिपो की एक बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब डेढ़ दर्जन के अधिक लोग घायल हैं। लखनऊ के पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने बताया कि दुर्घटना की शिकार हुई यात्री बस हरदोई से लखनऊ जा रही थी।

**********

प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण फर्रुखाबाद ,कानपुर नगर, गाजीपुर और बलिया में गंगा, वहीं मथुरा और इटावा में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। राज्य के उन्तीस जिलों की लगभग तीन लाख बीस हजार की आबादी इस समय बाढ़ से प्रभावित है।

**********